मध्य प्रदेश के औद्योगिक नगरों में स्वचालित टेलीफोन केन्द्रों की व्यवस्था

1736. **श्री फूल चन्द वर्मा** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार मध्य प्रदेश के उज्जैन, देवास यथा अन्य औद्योगिक नगरों में टेलीफोन केन्द्रों को स्वचालित टेलीफोन केन्द्रों में बदलने का है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

संचार मंत्री (श्री हेमवती नंदन बहुगुणा) : (क) तथा (ख). 1 जी हां। मध्य प्रदेश सहित देश भर में सभी बड़े औद्योगिक तथा व्यापारिक केन्द्रों में सरकार का टेलीफोन एक्सचेंजों को स्वचालित एक्सचेंजों में परिवर्तित करने का प्रस्ताव है।

2. अलबत्ता वित्तीय तथा सामग्री संबंधी साधनो के सीमित होने के कारण उपर्युक्त कार्यक्रम अगले 15 से 20 वर्षों में पूरा किया जाएगा। इस उद्देश्य से दो अलग-अलग वर्गों में कार्यक्रम तैयार किए जा रहे है जो विभिन्न चरणों में पूरे किए जाएंगे।

(क) 500 से अधिक लाइनों की क्षमता वाले बड़े करचल एक्सचेंज।

(ख) 100 से 300 लाइनों तक की क्षमता वाले छोटे एक्सचेंज।

3. इन कार्यक्रमों के अनुसार आगामी कुछ वर्षों में मध्य प्रदेश में निम्नलिखित एक्सचेंजों को स्वचालित एक्सचेंजों में परिवर्तित किये जाने की संभावना है :

(क) **बड़े एक्सचेंज**

(i)	ग्वालियर	1972 तक
(ii)	रायपुर	1974 तक
(iii)	जबलपुर	1976 तक
(iv)	उज्जैन	पांचवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान।
(v)	दुर्ग-भिलाई-खुर्सीपुर	पांचवी पंचवर्षीय योजना के दौरान।

(ख) **छोटे एक्सचेंज**

(i)	देवास	1975 तक
(ii)	छिंदवाड़ा	1975 तक
(iii)	रीवां	1972 तक
(iv)	मंदसौर	1974 तक
(v)	इटारसी	1974 तक
(vi)	मुरैना	1975 तक
(vii)	बालाघाट	1975 तक
(viii)	दमोह	1975 तक
(ix)	मऊ	1975 तक
(x)	खरगीन	1975 तक

मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में नये डाकघर

1737. **श्री फूल चन्द वर्मा** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष के अन्त तक मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में नये डाकघर खोलने का सरकार का कोई विचार है; और

(ख) यदि हां, तो जिलेवार इनकी कितनी संख्या है ?

संचार मंत्री (श्री हेमवती नंदन बहुगुणा) : (क) वर्ष 1971-72 के अंत तक मध्य प्रदेश

के ग्रामीण क्षेत्रों में 166 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर और 12 उप डाकघर खोलने का प्रस्ताव है ।

(ख) वर्ष 1971-72 के दौरान मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में खोले जाने वाले प्रस्तावित डाकघरों की जिला-वार संख्या :

जिले का नाम	जितने डाकघर खोलने का प्रस्ताव है अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर	उप डाकघर
1	2	3
मुरैना	6	कोई नही
भिंड	5	1
ग्वालियर	5	कोई नहीं
दतिया	4	कोई नही
शिवपुरी	6	कोई नहीं
गुना	4	कोई नहीं
टीकमगढ़	2	कोई नहीं
छतरपुर	2	1
पन्ना	2	1
सतना	2	कोई नहीं
रीवा	5	कोई नहीं
शहडोल	2	कोई नहीं
सिधी	1	1
मन्दसौर	6	कोई नहीं
रतलाम	2	कोई नहीं
उज्जैन	4	कोई नहीं
झाबुआ	2	कोई नहीं
धार	4	1
इन्दौर	3	कोई नही
देवास	4	कोई नही
खरगोने	7	कोई नहीं
खंडवा	कोई नही	कोई नहीं
शाजापुर	7	कोई नही
राजगढ़	7	कोई नही
विदिशा	4	कोई नही
सेहोरे	2	1
रायसेन	1	कोई नही
होशंगाबाद	कोई नही	कोई नहीं
बैतूल	3	कोई नहीं
सागर	2	कोई नहीं
दमोह	1	कोई नहीं
जबलपुर	9	कोई नही
नरसिंहपुर	4	1
माडला	1	कोई नहीं
छिंदवाड़ा	5	कोई नहीं
स्योनी	7	कोई नही
बालाघाट	4	कोई नहीं
सरगुजा	2	कोई नहीं
बिलासपुर	3	4
रायगढ़	1	कोई नहीं
दुर्ग	11	कोई नहीं
रायपुर	12	1
बस्तर	2	कोई नहीं